श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 138, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार, 24 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## कानून वापसी से कम पर मानने को तैयार नहीं किसान

### संगठनों ने कहा- वार्ता को तैयार लेकिन ठोस प्रस्ताव लेकर आए सरकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** नए कृषि कानूनों पर किसान संगठनों और सरकार के बीच गतिरोध टूटता नहीं दिख रहा है। अपनी जिद पर अड़े किसान संगठन कानून वापसी से कम पर मानने को तैयार नहीं हैं। वे सरकार के साथ वार्ता तक को तैयार नहीं हो रहे हैं। उनके अड़ियल रुख का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि बुधवार को भी किसान संगठनों ने सरकार के प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया।

संयुक्त किसान मोर्चा की बुधवार की बैठक के नतीजे ढाक के तीन पाल जैसे ही रहे। किसान संगठन कृषि कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने की मांग से नीचे आने को तैयार नहीं हैं। सरकार के प्रस्तावों को उन्होंने पहले ही गुमराह करने की चाल बताकर खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा, 'हम वार्ता को तैयार हैं, लेकिन इसके लिए सरकार की ओर से कुछ ठोस प्रस्ताव तो आए।' उनके इस अड़ियल रवैये से वार्ता में गतिरोध बने रहने की आशंका और बढ़ गई है।

इस बीच कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने फिर जोर दिया कि किसी भी आंदोलन का समाधान तो वार्ता की मेज से ही निकल सकता है। वार्ता में आने के लिए किसी शर्त का कोई औचित्य नहीं है। तोमर ने कहा, 'कृषि क्षेत्र में जरूरी सुधार लंबे समय से लंबित थे। अब इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।' आंदोलन के लंबा च्खचने के बारे में उन्होंने कहा कि किसान नेता जल्दी ही चर्चा के लिए आएंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आग्रह किया, 'सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर वे अपनी टिप्पणी करें। उसमें कुछ जोड़ें और कुछ घटाकर बताएं कि इसका क्या प्रभाव होगा। वार्ता के लिए उन्हें जब सुविधा हो, बताएं। सरकार वार्ता के लिए तैयार है।' कृषि कानून के समर्थक नेताओं से कृषि मंत्री तोमर की लगातार मुलाकात को किसान संगठन आंदोलन को तोड़ने की साजिश के रूप में देख रहे हैं।

दिल्ली बार्डर पर पिछले 28 दिनों से मोर्चा जमाए किसान संगठनों की बैठक में सरकार की चिट्ठी पर लंबी चर्चा हुई। लेकिन वार्ता में आने से पहले की किसान संगठनों की शर्तें फिर बाधा बनकर खड़ी हो गई। सरकार के भेजे प्रस्तावों को अर्थहीन और कृषि मंत्रालय की चिट्ठी को गुमराह करने की चाल बताकर उन्होंने खारिज कर दिया। बैठक की जानकारी देते हुए किसान नेताओं ने कहा कि कृषि कानूनों में प्रस्तावित संशोधनों को तो उन्होंने पहले ही खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ ठोस और नया प्रस्ताव लिखित तौर पर लेकर आए, तो हम अगले दौर की वार्ता के लिए तैयार हैं।

किसान नेता शिवकुमार कक्का ने कहा, 'हमने तो गृह मंत्री अमित शाह को पहले ही बता दिया था कि हम संशोधनों को स्वीकार नहीं करेंगे।' स्वराज अभियान के नेता योगेंद्र यादव ने कहा, 'हम किसान यूनियन के लोग वार्ता की मेज पर सरकार के खुले मन से आने का इंतजार कर रहे हैं।' ऑल इंडिया किसान सभा के नेता हन्नान मुल्ला का आरोप है कि सरकार चाहती है कि किसान थककर आंदोलन समाप्त कर दें।

## मध्य प्रदेश में सरकारी शिक्षकों और विद्यार्थियों को नहीं मिलेगी सर्दी की छुट्टी, आदेश जारी



**भोपाल, ब्यूरो।** मध्य प्रदेश में साढ़े चार लाख सरकारी शिक्षकों और 20 लाख से ज्यादा हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों को छह दिन की सर्दी की छुट्टी अब नहीं मिलेगी। राज्य सरकार ने शीतकालीन अवकाश निरस्त कर दिया है। शैक्षणिक कैलेंडर में शिक्षकों और विद्यार्थियों को 26 से 31 दिसंबर, 2020 तक अवकाश दिया गया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने छुट्टी निरस्त करने के आदेश बुधवार को जारी कर दिए हैं। शिक्षक इस अवधि में विद्यार्थियों का कोर्स पूरा कराएंगे।

उधर, छह दिन की छुट्टी शुरू होने के ठीक दो दिन पहले निरस्त किए जाने से शिक्षक नाराज हैं। उनका कहना है कि अनलॉक और कोरोना मामले में कमी के बाद पहली बार शहर या प्रदेश से बाहर जाने की तैयारी थी। रिजर्वेशन करा लिए थे। ऐसे में अचानक छुट्टी निरस्त करना गलत है। सरकार ने हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल हफ्तेभर पहले ही खोले हैं। अभी तक विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे। इस कारण कई विद्यार्थियों का कोर्स पूरा नहीं हुआ है। वहीं प्री-नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल 31 दिसंबर तक बंद रखने के भी निर्देश जारी हो चुके हैं।

## कोरोना वायरस के एक या दो नहीं बल्कि हैं 28 लक्षण एनआइसीई ने लिस्ट के साथ एडवाजरी भी की जार

**नई दिल्ली (जेएनएन)।** कोरोना वायरस के नए रूप यानी स्ट्रेन ने विज्ञानियों की चुनौतियां बढ़ा दी है। हालांकि, दुनिया को भरोसा है कि इसका भी समाधान विज्ञानी जरूर ढूंढ लेंगे। अब तक कोरोना वायरस के 8-10 लक्षणों के बारे में चर्चा होती रही है, लेकिन ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लीनिकल एक्सिलेंस यानी एनआइसीई ने हाल ही में कोरोना संक्रमण के 28 लक्षणों की पहचान कर उन्हें सार्वजनिक किया है। एनआइसीई ने इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है।

विज्ञानियों ने कोरोना वायरस के व्यापक शोध के बाद उसे खत्म करने के लिए वैक्सीन का विकास किया। हालांकि, कोरोना वायरस के प्रभाव व लक्षणों के बारे में अब भी नई जानकारियां सामने आ रही हैं। मुश्किल यह है कि कोरोना वायरस लोगों पर अलग-अलग प्रभाव छोड़ रहा है। किसी को सिर्फ बुखार आ रहा है तो किसी को सांस लेने में परेशानी के साथ-साथ अन्य समस्याएं भी हो रही हैं। एनआइसीई ने 18 दिसंबर को कोविड-19 के 28 लक्षणों की सूची सार्वजनिक की है। हालांकि, उसका कहना है कि कोरोना संक्रमण के लक्षण इससे अधिक हो सकते हैं।



कोरोना संक्रमण से उबरने वाले लोगों को भी अलग-अलग तरह की परेशानियां हो रही हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से मुक्ति मिलने के बाद भी लंबे समय तक सुस्ती बनी रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 लंबी चलती है। शुरूआत में मामूली लक्षणों के दिखाई देने के साथ बीमारी गंभीर हो सकती है। हालांकि, कोरोना से ठीक होने के बाद के लक्षण ज्यादा चिंताजनक हैं।

ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स यानी ओएनएस ने कहा था कि कोरोना संक्रमण के लक्षण पांच में से एक व्यक्ति में पांच सप्ताह या उससे ज्यादा समय तक बरकरार रह सकते हैं। हालांकि, एक अन्य रिपोर्ट में ओएनएस ने कहा है कि 10 में से किसी एक व्यक्ति में कोविड-19 के लक्षण 12 हफ्ते तक रह सकते हैं।

श्वांस संबंधी, सूखी खांसी, सांस फूलना, हृदय संबंधी, छाती में दर्द, घबराहट, छाती में जकड़न, न्यूरोलॉजिकल, याददाश्त कमजोर पड़ना, नींद नहीं आना, सिरदर्द, चक्कर, बेहोशी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, जी मिचलाना, डायरिया, भूख न लगना, पेट दर्द, मस्कुलोस्केलेटल, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, मनोवैज्ञानिक, डिप्रेशन, एंजाइटी, ईएनटी संबंधी, गंध महसूस नहीं होना, गले में खरास, कानों में लगातार शोर, महसूस करना, कान में दर्द, चक्कर आना, त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ना, थकान, दर्द और बुखार आना।

## बिना रिजर्वेशन वाली ट्रेनें चलाएगा रेलवे, तुरंत टिकट लेकर कर सकेंगे सफर

**अनारक्षित ट्रेन चलाने के पीछे रेलवे का मकसद आरक्षित ट्रेनों में लंबी दूरी का सफर करने वाले यात्रियों को जल्दी अंतिम स्टेशन तक पहुंचाना है। अभी आरक्षित ट्रेनों में तीन से चार जनरल कोच लगते हैं। इनमें सफर करने के लिए रिजर्वेशन कराना पड़ता है।**



**भोपाल, जेएनएन।** रेलवे बिना रिजर्वेशन वाली ट्रेनें चलाएगा। ये ट्रेनें पूरी तरह जनरल कोच वाली होंगी। इनमें तुरंत टिकट लेकर सफर कर सकेंगे। ये लोकल ट्रेनों से अलग होंगी। ये पहले चरण में मंडल के एक से दूसरे स्टेशनों के बीच चलेंगी। जब यह योजना सफल हो जाएगी तो इन्हें एक से दूसरे मंडल के बीच भी सीमित दूरी के लिए चलाया जा सकेगा। कोरोना वैक्सीन आने के बाद इन्हें कभी भी शुरू किया जा सकता है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी रेल मंडलों से जानकारी भी बोर्ड ने मंगवा ली है।

अनारक्षित ट्रेन चलाने के पीछे रेलवे का मकसद आरक्षित ट्रेनों में लंबी दूरी का सफर करने वाले यात्रियों को जल्दी अंतिम स्टेशन तक पहुंचाना है। अभी आरक्षित ट्रेनों में तीन से चार जनरल कोच लगते हैं। इनमें सफर करने के लिए रिजर्वेशन कराना पड़ता है। कोरोना संक्रमण के पहले तक तुरंत टिकट लेकर सफर कर सकते थे।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें आरक्षित होती हैं, लेकिन उसमें लगे जनरल कोचों की वजह से स्थानीय यात्री भी सफर करते हैं, उनके लिए ट्रेन को छोटे स्टेशनों पर रोकना पड़ता है। इस तरह उक्त ट्रेन में 500 से 1000 किलोमीटर का सफर करने वाले 90 फीसद यात्री परेशान होते हैं। उनकी शिकायत रहती है कि वे जल्दी अंतिम स्टेशन तक नहीं पहुंच पाते। कारण, किसी भी ट्रेन को एक स्टेशन पर रोकने और फिर चलाने में स्टॉपेज समय के अलावा पांच से सात मिनट लग जाते हैं।

भोपाल रेल मंडल से सामान्य दिनों में 12 ट्रेनें चलती हैं। एक ट्रेन में चार कोच के हिसाब से 48 जनरल कोच लगते हैं। हालांकि कोरोना के चलते अभी इन कोचों में सफर के लिए रिजर्वेशन कराना पड़ता है। यात्रियों को फायदा लोकल में सफर करने वाले यात्रियों को कम समय में अधिक ट्रेनें मिलेंगी। कम आय वाले यात्रियों के लिए भी अधिक ट्रेनों का विकल्प होगा।

जनरल कोचों की वजह से सभी ट्रेनों की गति प्रभावित नहीं होगी। लंबी दूरी की ट्रेनों की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। रेलवे काउंटर और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से टिकट ले सकते हैं। यह सुविधा तभी चालू होगी जब अनारक्षित ट्रेनों को चलाने की तारीख तय होगी। मंडल में अनारक्षित रेल टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों और ट्रेनों में लगाए जा रहे जनरल कोचों को लेकर जानकारी मांगी गई थी, जो भेज दी है। अनारक्षित ट्रेनें चलाने की जो भी योजना बन रही होगी वह वरिष्ठ स्तर पर होगी। मंडल स्तर पर कुछ नहीं कह सकते हैं।

## दिल्ली मुंबई हवाईअड्डों पर आखिरी वक्त में रही अफरा-तफरी, UK से Delhi पहुंचे 950 यात्री, 11 संक्रमित मिले

**ब्रिटेन में पाई गई कोरोना की नए स्ट्रेन (प्रकार) ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है। भारत ने मंगलवार मध्यरात्रि से ब्रिटेन के लिए उड़ानों पर पाबंदी लगी दी है और पिछले चार हफ्तों के दौरान ब्रिटेन से आए यात्रियों को लेकर नए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** ब्रिटेन में मिले कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन (प्रकार) ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है। कई देशों ने ब्रिटेन के लोगों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं या फिर वहां से आने वाले लोगों की हवाईअड्डे पर ही सघन जांच की व्यवस्था की है। भारत भी इन देशों में शामिल है। भारत ने मंगलवार मध्यरात्रि से ब्रिटेन के लिए उड़ानों पर पाबंदी लगी दी है और पिछले चार हफ्तों के दौरान ब्रिटेन से आए यात्रियों को लेकर नए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने ब्रिटेन के साथ ही दक्षिण अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देशों से आने वाले यात्रियों के लिए जांच और क्वारंटाइन को अनिवार्य बना दिया है। इसके चलते मुंबई और दिल्ली के हवाईअड्डों पर आखिरी वक्त में अफरा-तफरी मची रही। दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ब्रिटेन से चार उड़ानें आईं। इनमें 950 से अधिक यात्री आए, जिनमें से 11 लोग संक्रमित पाए गए। इनके नमूनों को आगे की जांच के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) को भेज दिया गया है।

दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्रियों की जांच करने वाली एजेंसी की प्रमुख गौरी अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने सोमवार को ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्रियों की जांच के निर्देश दिए थे। उसके बाद से ब्रिटेन से चार उड़ानें दिल्ली आईं, जिनमें ये लोग संक्रमित पाए गए। अभी यह नहीं पता चला है कि इनमें से कोई ब्रिटेन में पाए गए नए स्ट्रेन से संक्रमित या नहीं। उन्होंने बताया कि 50 यात्रियों को संस्थागत क्वारंटाइन में रखा गया है। ब्रिटेन से नई दिल्ली आने वालों में कामिनी सारस्वत भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि पहले से बुकिंग कराने के बावजूद टेस्ट कराने के लिए उन्हें हवाईअड्डे पर नौ घंटे इंतजार करना पड़ा। अभी जांच रिपोर्ट आनी बाकी ही है। उनकी शिकायत है कि हवाईअड्डे पर सही जानकारी नहीं मिल रही और न ही शारीरिक दूरी के नियमों का ही पालन किया जा रहा।

पिछले दो दिनों के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर ब्रिटेन और अन्य देशों से कुल 1,688 यात्री पहुंचे। इनमें से 745 को मुंबई में क्वारंटाइन किया गया है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि इनमें से कितने यात्रियों में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था कि उक्त तीनों जगहों से आने वाले सभी यात्रियों को 14 दिन अनिवार्य क्वारंटाइन में रहना होगा।

ईश्वरी गौरव नाइक बुधवार तड़के करीब दो बजे दुबई से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं। उन्हें हवाईअड्डे पर ही तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा, उसके बाद अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के तीन अन्य सदस्यों को क्वारंटाइन सेंटर भेजा। स्कूल में बने क्वारंटाइन सेंटर से नाईक ने कहा कि हर तरफ पूरी तरह से अफरा-तफरी है। किसी को कुछ नहीं पता। अधिकारियों में आपसी तालमेल तक नहीं है।

सोमवार को मुंबई पहुंचे एक ब्रिटिश नागरिक ने बताया कि जांच कराने के प्रति इरादा बेहतर हो सकता है, लेकिन उसे लागू करने का तरीका सही नहीं है। इससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएससी) के अधिकारियों ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और अपने किसी जानने वाले के अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले यात्रियों को ही क्वारंटाइन से छूट दी गई है। दो यात्री ऐसे आए हैं।

## बेकाबू नहीं है कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन, मौजूदा वैक्सीन का इस पर असफल होने का भी सुबूत नहीं- WHO

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के बाद जहां कई देशों ने ब्रिटेन के लिए अपनी हवाई और जमीनी सीमा को बंद करने का फैसला किया है वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि ये स्ट्रेन बेकाबू नहीं है इसको रोका जा सकता है। डब्ल्यूएचओ की तरफ से इस बयान को खुद संगठन के महानिदेशक ने दिया है। उनका कहना है कि अब तक इस बात के भी कोई सुबूत नहीं मिले हैं कि कोविड-19 की वैक्सीन इसको खत्म करने में असफल साबित होगी। इसको लेकर विश्व के कई वैज्ञानिकों के बीच भी सहमति बनती दिखाई दे रही है कि इस नए स्ट्रेन पर वैक्सीन बेअसर साबित नहीं होगी।

आपको बता दें कि ब्रिटेन के अलावा वायरस का ये नया स्ट्रेन इटली, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, आइसलैंड, नीदरलैंड्स और डेनमार्क में भी मिला है। इसको देखते हुए ही यूरोपीय देशों ने एहतियातन सीमाओं को बंद करने का फैसला लिया है। ब्रिटेन से आने वाली खबरों में कहा गया है कि ये स्ट्रेन पहले से अधिक संक्रामक तो है लेकिन उतना घातक नहीं है। वहीं डब्ल्यूएचओ की तरफ से कहा गया हे कि इसको लेकर जांच की जा रही है। इसके बावजूद संगठन का मानना है कि इस स्ट्रेन को रोकपाना संभव है।

संगठन की इमरजेंसी हैड माइक रैयान के मुताबिक अभी तक इस स्ट्रेन की वजह से स्थिति बेकाबू नहीं हुई है। लेकिन इसको ऐसे ही नहीं छोड़ा जा सकता है। संगठन की तरफ से सभी देशों को इस दिशा में उचित कदम उठाने के लिए भी कहा गया है। यूएन की तरफ से आई खबर में कहा गया है कि नए स्ट्रेन से संक्रमित मरीज लगभग दो और लोगों को संक्रमित कर सकता है, जबकि पूर्व में मरीज केवल एक ही व्यक्ति को संक्रमित कर पाता था। इस लिहाज से पहले जो स्ट्रेन पाए गए हैं उनकी रिप्रोडेक्शन की दर करीब 1.1 है। आपको यहां पर ये भी बता दें कि कोरोना वायरस में शुरूआत से लेकर अब तक करीब 25 बार बदलाव को दर्ज किया जा चुका है। वैज्ञानिकों का ये भी कहना है कि ये कितना खतरनाक है इस बारे में फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वहीं ब्रिटेन में न्यू एंड इमर्जिंग रेस्पिरेटरी वायरस थ्रेट्स एडवाइजरी के वैज्ञानिकों का कहना है कि ये वायरस बच्चों के लिए काफी घातक हो सकता है। इन वैज्ञानिकों का ये भी कहना है कि ये पूरे देश को अपनी जकड़ में ले सकता है। फिलहाल दक्षिण ब्रिटेन से इसके मामले सामने आए हैं। भारत में हालांकि इस नए स्ट्रेन का अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है।



## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया 2021 की तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को रक्षा प्रदर्शनी एयरो इंडिया 2021 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस आयोजन में एयरोस्पेस एवं डिफेंस इंडस्ट्री से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। रक्षा विभाग ने बताया कि आयोजन के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस बार प्रदर्शनी को कारोबार केंद्रित रखने की योजना है। महामारी के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आमजन को वर्चुअल माध्यम से इस प्रदर्शनी को देखने का मौका मिलेगा।

रक्षा मंत्री ने निर्देश दिया है कि तीन से पांच फरवरी, 2021 तक केवल व्यापार के उद्देश्य से ही प्रदर्शनी आयोजित की जाए। अधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर की शुरूआत में नई दिल्ली में विभिन्न विदेश मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी गई थी। एयरो इंडिया 2021 में एयरोस्पेस एवं डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत की क्षमता प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं भी बनेंगी।

## संक्षेप समाचार

### पूर्व राज्यपाल मोतीलाल बोरा को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** कांग्रेस कार्यालय सहसों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हलीम अंसारी की अध्यक्षता में कांग्रेस के वयोवृद्ध उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय मोतीलाल बोरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि बोरा के निधन से बहुत क्षति पहुंची है द्य उनके निधन से एक राजनैतिक युग की समाप्ति हो गई। उनकी कमी की भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मोतीलाल वोरा ने अपने लम्बी राजनैतिक सफर में मध्य प्रदेश के विधायक से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केंद्र में कैबिनेट मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पद पर रहकर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से उपस्थित केवला प्रसाद शुक्ला, कमला प्रसाद मिश्र, अशफाक अहमद, पंडित शीतला प्रसाद व्यास, राजू तिवारी, गुलाम सरवर अंसारी, बैजनाथ मिश्र, विनीत शुक्ला, पुरुषोत्तम गुप्ता, अनवर उल हक, आदि उपस्थित रहे।

# धान की खरीद ना होने पर किसानों का फूटा गुस्सा अनाज को किया आग के हवाले, चक्काजाम

### चक्का जाम में क्षेत्रीय भाजपा नेता भी शामिल



धान की खरीद न होने पर अनाज को आग के हवाले कर चक्काजाम करते आक्रोशित किसान



आक्रोशित किसानों को समझाने का प्रयास करती एसडीएम

**खीरी।** कोरांव तहसील के अंतर्गत बुधवार को नीवी-मरहला चौराहे पर क्रय केंद्र ना खुलने पर किसानों ने चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि 30 नवंबर से ही क्रय केंद्र को खोलना था और धानो कि खरीद होनी थी परन्तु आज 23 दिसंबर हो गया अभी तक धान कि कोई खरीद नहीं हुई है। हमे केवल सांत्वना के लिए एक दिन खोलकर कुछ क्विंटल धान की खरीद करने के पश्चात बंद कर दी गई उसके बाद क्रय केंद्र ना तो खोला गया और ना ही कोई खरीद हुई। हर बार की तरह हमारे साथ केवल छलावा किया जाता है आखिर हमारे साथ कब न्याय होगा। गुस्साए किसानों ने अनाजों को आग के हवाले भी किया। उनका कहना है कि अनाज को औने पौने दाम में बेचने से अच्छा है कि उसे जला ही दिया जाए। हमारी पूजी तक नहीं निकल पा रही हम बेबस है। किसानों को आवाज उठाते हुए श्रीराम प्रजापति जी का कहना है कि आज किसान दिवस है और यह हमारे देश का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है की आज किसानों को खुशहाली मनाने के बजाए वो सड़को पर आंदोलन कर रहे है। जहा एक तरफ बीजेपी के नेता बड़े बड़े वादे करते है परन्तु किसानों को केवल उदासी और छलावा के सिवाय कुछ नहीं मिलता। धरने पर बैठे बालेश्वरी पटेल, भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी, शैलेश सिंह, गोपाल तिवारी आदि किसानों का कहना था कि क्रय केंद्र को खोला जाए तथा हमारे किसान साथियों का अनाज जल्द से जल्द कॉल आ जाए ' किसानों द्वारा सड़क जाम की सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष खीरी संतोष कुमार सिंह फोर्स के साथ तत्काल पहुंचे' उनके साथ कानूनगो, लेखपाल तथा नवागंतुक एसडीएम डा. कंचन वर्मा पहुंचकर किसानों को सांत्वना देते हुए कहा कि जितने भी किसान यहां के क्रय केंद्र से आते हो वो अपना अपना टोकन ले और जल्द ही धान की खरीद की जाएगी साथ ही सख्त आदेश दिए की क्रय केंद्र का बैनर लगाए जाएं तथा लापरवाही करने वालों के ऊपर शख्त कार्यवाही की जाएगी।

# घने कोहरे की वजह से एक दर्जन ट्रक की टक्कर से एक की मौत, 7 गंभीर






घने कोहरे के कारण ट्रकों की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक

**हंड़िया।** हंडिया थाना क्षेत्र के ऊपरदहा गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नेशनल हाईवे पर एलपीजी टैंकर खड़ी डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी गाड़ी डंपर में चिपक गई चालक भी उसी में चिपक गया। जिससे उसकी तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गई

बताया जाता है कि डंपर गाड़ी गिट्टी लादकर पहले से खराब हालत में खड़ी थी। पीछे से एलपीजी टैंकर तेज रफ्तार से आ रहा था। जो प्रयागराज की तरफ जा रही थी वह जैसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने पहुंचा तो डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों गाड़ी आपस में चिपक गई जिसमें सवार चालक जुनैद अंसारी पुत्र अंसार अहमद निवासी भीटी पीपल गांव धूमनगंज प्रयागराज 40 वर्ष की मृत्यु हो गई। यह भी बताया गया कि डंपर चालक खराब गाड़ी को छोड़कर कहीं चला गया था।

इसी प्रकार से ऊपरदहा गांव के सामने नेशनल हाईवे सड़क पर एक टेलर प्रयागराज की तरफ जा रही थी। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसका फायर इंजन में जाकर फस गया और उसका पैर कट गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर क्रेन बुलाकर गाड़ी को अलग कर मृतक चालक को किसी तरह से निकाला गया। तथा दूसरे गाड़ी का चालक जिसका पैर कट गया था। वह रातों-रात किसी तरह से निकलकर अस्पताल चला गया। बताया जाता है कि डंपर और टैंकर के भिड़ंत के कारण नेशनल हाईवे सड़क पर जाम लगी हुई थी। और घना कोहरा होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। जिससे लगभग आधा दर्जन से अधिक ट्रक 2 किलोमीटर के अंतराल में भिड़ी हुई हैं। जिससे कई चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि या घटना लगभग 2:00 बजे रात की है।

### माघ मेले में मिलेगी फोर-जी नेक्स्ट जेन की सुविधा

**प्रयागराज ।** माघ मेले में इस बार प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को मोबाइल नेटवर्क से परेशानी नहीं होगी। न तो नेटवर्क जाम होगा और न ही वीडियो कॉल भेजने में परेशानी होगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण पहली बार माघ मेले में फोर-जी नेक्स्ट जेन सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए सभी बड़ी टेलीकॉम कंपनियों को टावर लगाने के लिए आमंत्रित कर दिया गया है। मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार पूरे मेले की अवधि में साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। एक से डेढ़ करोड़ श्रद्धालु तो अकेले बड़े स्नान पर्व पर प्रयागराज आने का अनुमान है। मेला क्षेत्र में भीड़ बढ़ने पर मोबाइल नेटवर्क की परेशानी हो सकती है। ऐसे में कंपनियों को अपने टावर लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बार मेले में वाईफाई की सुविधा भी दी जाएगी। इसके साथ ही फोरजी नेक्स्ट जेन की सुविधा होगी। इस सुविधा में एक ही डिवाइस से लोग वीडियो कॉल कर सकेंगे, डेटा अपडेट कर सकेंगे और ऑडियो कॉल व मैसेज भी भेज सकेंगे। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी पल अपने घर से दूर होने का एहसास न हो।

## आवास दिलाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से लाखों वसूला

### हर एक व्यक्ति से आवास दिलाने के नाम पर लेता था पंद्रह हजार रुपए

**घूरपुर।** घूरपुर इलाके के दर्जनों गांवो में भोले भाले सैकड़ों लो को एक जालसाज ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने वाले आवास को दिलाने का झांसा देकर लाखो रुपए वसूल लिया। कई माह बीत जाने के बाद भी आवास नही मिला तो लोगो ने दबाव बनाया तो वह भाग निकला। बुधवार के दिन पीड़ितो ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के बेलसार गाव का एक जालसाज युवक बीते तीन माह पूर्व से घूरपुर इलाके के कई गांवों में सूट बूट से लैस होकर अपने को प्रधानमत्री आवास योजना का अधिकारी बता लोगो को झांसा देकर आवास दिलाने के नाम पर प्रति व्यक्ति से 15 हजार रुपए वसूली किया। ऐसे सैकड़ों लोगो को झांसा देकर अपना शिकार बनाया। इस बीच जब लोगो को आवास नही मिला तो लोगो ने उस पर दबाव बनाना शुरू किया तो जालसाज ने वसूली गावों में आनाजाना बंद कर दिया तो लोगो ने उसके मोबाइल पर फोन कर रुपए वापस करने को कहा तो उल्टे गाली गलौज देने लगा। पीड़ितो में मनकवार के भारत लाल, बादलगंज के जोगेंद्र पटेल, बगबना की रेखा, चितौरी के श्याम सुंदर, रेरा के राम प्रसाद, बलापुर के राम भवन पटेल, राजमन, अशर्फी, रामपति, नीलम, आदि ने बताया कि पंद्रहपंद्रह हजार वसूलने के बाद जालसाज अब आना बंद कर दिया । अन्य इलाकों में लोगो को बेवकूफ बना अभी वसूल रहा है। और उसे फोन करने पर गाली गालौज कर देख लेने की धमकी देता है। बुधवार के दिन कई पीड़ितो ने थाने में उक्त जालसाज के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## दारोगा के बंद मकान से चोरों ने उड़ाए नकदी व लैपटॉप



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर में चोरों के गिरोह ने एक दारोगा के बंद मकान को निशाना बनाते हुए लैपटॉप समेत हजारों रुपए नकदी लेकर फरार हो गए। तहरीर मिलने पर नैनी कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक गाजीपुर जिले के रहने वाले जयप्रकाश यादव वर्तमान में प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में बतौर उप निरीक्षक पद पर तैनात हैं। जबकि वह नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित गंगोत्री नगर में मकान बनवाकर परिवार समेत रहते हैं। बीते पांच दिसंबर को पैतृक गांव में शादी समारोह होने की वजह से उनकी पत्नी शीला यादव व पुत्री अल्का यादव मकान में ताला बंद कर गई हुई थी। 15 दिसंबर को जब मां पुत्री वापस घर पर पहुंची तो मकान का ताला टूटा देख दंग रह गई। भुक्तभोगी के मुताबिक चोर मौका पाते ही मकान का ताला तोड़कर एक लैपटॉप व लगभग बीस हजार नकदी चोरी कर फरार हो गए। वहीं अलमारी की भी लॉक तोड़े गए थे। तहरीर मिलने पर चोरों के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## एक दिन उपवास रख शहीद किसानों को दी श्रद्धांजली, विरोध में निकाली रैली






लालापुर के जगदीशपुर में कृषि कानून के खिलाफ रैली निकालते एकेआईएएस के सदस्य

**लालापुर।** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आवाह्न पर बुधवार के दिन अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले किसानो ने एक दिन का उपवास रखकर लालापुर थाना अंतर्गत जगदीशपुर में सभा कर दिल्ली बार्डर पर 40 शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी एवं रैली निकाली।

सभा के दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथो मे शहीद किसानो की तस्वीर एवं झण्डे बैनर लिए नारे लगाए आंदोलनरत शहीद किसान अमर रहे, शहीद किसानो को लाल सलाम, किसानों का संघर्ष जिंदाबाद, खेती के तीन नए कानून रद्द करो, बिजली बिल 2020 रद्द करो, खाद - बीज,डीजल के दाम आधे करो, खेती में बड़े कारपोरेट पर रोक लगाओ, कारपोरेट पक्षधर नीतियां रद्द करो, 24 जून 2019 का बोट पर लगी रोक वापिस लो, रवन्ने का सरकारी रेट 65 रु/घन मीटर लागू करो,अवैध वसूली पर रोक लगाओ, नाव का पंजीकरण कर रवन्ना माझियों को दो, नाव द्वारा बालू खनन चालू करो, मनरेगा मे मजदूरी 500रु० लागू करो, मनरेगा में सभी मजदूरों को काम दो, आंदोलन में किसानो मजदूरों पर दर्ज सभी केस वापिस लो, गरीबों को खेती- आवास के पट्टे दो, सभी गरीबों को आवास दो आदि मांगो की नारे बुलंद किए।

वक्ताओं ने कहा खेती के तीन नए कानून के अमल से सरकार द्वारा संचालित मंडिया मर जाएगी बड़े कारपोरेट द्वारा संचालित मंडिया में सरकार किसानो के अनाज सस्ते रेट बेचने को मजबूर कर देगी। खनन में सरकार ने पहले गिट्टी मजदूरों के हाथो से काम छीनकर बड़ी कम्पनियों को सौंप कर मजदूरों के बेरोजगार किया है। अब 24 जून 2019 का आदेश जारी कर यमुना नदी में बोट से खनन पर रोक लगाकर लाखो लाख मजदूरो को बेरोजगार कर दिया, बालू खनन मजदूर जब अपने रोजी - रोटी की गुहार लगाई तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। इस दमन के बावजूद किसान मजदूर अपनी एकता बनाकर खेती के तीन नए कानून व अपनी जीविका के लिए संघर्ष जारी रखे है। इस मौके पर रामभवन, रामरूप, सुग्गन निषाद, फूलचंद्र निषाद, सुरेश निषाद, विनोद निषाद, सुशीला देवी, कुन्ती देवी, संजू निषाद, विमला देवी, सुलभा देवी, आशा देवी आदि ने विचार व्यक्त किए मंच का संचालन रामू निषाद व अध्यक्षता बब्बू निषाद ने किया।

## भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी



भ्रष्टाचार की जांच करते बेसिक शिक्षा अधिकारी

**हंडिया।** सैदाबाद क्षेत्र के ग्रामसभा साडा बरौना में ग्राम प्रधान के विरुद्ध शिकायतकर्ताओं ने शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लेखित बिंदुओं की बिंदुवार जांच हेतु निर्धारित तिथि को संबंधित ग्राम प्रधान सचिव एवं शिकायतकर्ता प्रकरण से संबंधित समस्त मूल अभिलेख एवं साथ के साथ जांच के दौरान उपस्थित होना सुनिश्चित किया गया था। लेकिन प्रथम जांच दिनांक 21 नवंबर 2020 को और दूसरी जांच 27 नवंबर 2020 को तृतीय जांच 23 नवंबर 2020 को होना सुनिश्चित किया गया था। परंतु कोई भी जांच अधिकारी, जांच करने नहीं पहुँचा था।लेकिन वही जांच 23 दिसंबर 2020 को बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा ग्रामसभा सांडा बरौना के भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे। मामले की जानकारी पत्रकार ने जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से ली तो उन्होंने बताया कि जेई को न आने के कारण जांच पूरी नहीं हो पाई।जेई के आख्या के अनुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मात्र एक जगह पर खड़े होकर जांच किए बिना खानापूर्ति कर वापस चले गए।कुछ ग्रामीणों ने यह भी कहा कि 37 बिंदुओं पर जांच की शिकायत की गई थी। परंतु बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा द्वारा मात्र 2 बिंदुओं पर ही जांच किया गया।

उसकी भी स्पष्ट तरीके से आख्या नहीं दिया गया। पूरे मामले को जेई की आख्या पर थोप दिया गया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि जांच कि तारीख कई बार तय हो चुकी थी परंतु आज तक जांच नहीं हो पाई थी। लेकिन 23 दिसंबर 2020 को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 37 बिंदुओं पर जांच करने के बजाय मात्र 2 बिंदुओं पर जांच कर वापस चले गए।स्पस्ट आख्या न मिलने पर शिकायतकर्ताओ सहित काफी ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन

**जारी।** भागवतसप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा में पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत प्रगट उत्सव बड़ी श्रद्धा धूम धाम से मनाया जा रहा है। भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म बाल लीलाओं का वर्णन किया।

इस भागवत कथा में कथा व्यास मानस मंजरी शाकामभरी ने कहा कि कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। कृष्ण के बाल लीलाओं में पूतना प्रसंग माखन चोरी का प्रसंग कालिया प्रसंग के बाद गोवर्धन पर्वत की पूजा की कथा सुनाई जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत भूषण ने कृष्ण जी के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण जी के जीवन लीला के बारे में बताया गया। इस कथा का आयोजन संयोजक मनोज कौशल की तरफ से किया जा रहा है। इस मौके पर मंदिर परिसर में भक्तगण और महिलाएं मौजूद रही।

# इफको में गैस से मरने वालों के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

## डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी प्लांट के अंदर रात में थे मौजूद, मची अफरा-तफरी

**फूलपुर- प्रयागराज।** फूलपुर स्थित इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) में मंगलवार रात 10:15 पर अमोनिया गैस पाइप का टायराइट का प्लनजर टूटने से बड़ा हादसा हो गया। जिसकी चपेट में आने से दो अधिकारियों की मौत हो गई,वहीं कार्यरत 16 अन्य अधिकारी व कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका प्रयागराज स्थित हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इकाई प्रमुख मसूद अहमद की तहरीर पर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों अधिकारियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज जनपद के फूलपुर तहसील में एशिया का सबसे बड़ा यूरिया उर्वरक कारखाना स्थापित है। जो अमोनिया और नाइट्रोजन से उर्वरक का उत्पादन करता है।यहां पर यूरिया उत्पादन की दो इकाइयां स्थापित हैं। रोज की भाति मंगलवार को तीसरी पाली रात 10:00 बजे पहुंचे अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने से पहले ही अमोनिया ढ1 प्लांट का अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा। जिसकी चपेट में आने से उप प्रबंधक आफ साइड प्लांट अभय नंदन कुमार 56 पुत्र सूर्यनारायण कुमार निवासी सोनबरसा तहसील नवगछिया भागलपुर बिहार व युरिया वन के सहायक प्रबंधक वीपी सिंह 46 पुत्र पृथ्वी पाल सिंह निवासी न्यू रामबाग हीरालाल कस्बा मवाना मेरठ उत्तर प्रदेश की अमोनिया रिसाव से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इफको के अधिकारी व पुलिस विभाग के आला अफसर इकाई में दौड़ने लगे। बुधवार दोपहर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घायलों का इलाज प्रयागराज स्थित निजी अस्पताल में जारी है।इस संबंध में इकाई प्रमुख मसूद अहमद ने बताया कि कुल 18 अधिकारी व कर्मचारी अमोनिया गैस की चपेट में आए थे,।जिनमें दो अधिकारियों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए इफको के जांच टीम विशेषज्ञ लगे हुए हैं।





शव के पास रोते बिलखते परिजन व शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

### घायल अधिकारियों व कर्मचारियों के परिजन भयभीत

मंगलवार देर रात हुई इफको फूलपुर इकाई में अमोनिया गैस रिसाव से घायल धर्मवीर सिंह पुत्र शिवराज सिंह,अजीत कुशवाहा पुत्र बीपी कुशवाहा, राकेश कुमार पुत्र बालादीन, एके कैथवास पुत्र आर एस कैथवास, शिव प्रसन्न राम पुत्र रामनरेश राम , आशीष सिंह यादव पुत्र समई यादव, बलवान सिंह यादव पुत्र ज्ञान चंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव पुत्र दूधनाथ यादव, आरआर विश्वकर्मा पुत्र दशरथ विश्वकर्मा ,नारायण दास पुत्र बीएल चौरसिया ,नरेंद्र यादव पुत्र राज धारी यादव ,पीसी दिवाकर पुत्र जुगल किशोर ,गौरंग सिन्हा पुत्र एके सिन्हा, अजय यादव पुत्र रामदीन ,लाल जी यादव पुत्र बाबूलाल, हरिश्चंद्र पुत्र रामफेर के घायल होने की जैसे ही परिजनों की सूचना मिली वे भयभीत हो गए। दिन भर उनके रिश्तेदार व जान पहचान के लोग अस्पताल से लेकर घर तक दौड़ लगाते रहे।





मृतक अफसर की फाइल फोटो

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

फूलपुर स्थित इफको में अमोनिया गैस के रिसाव से हुई मौत पर अधिकारियों के घर जनप्रतिनिधि बुधवार पहुंचकर ढांढस बधाते हुए इफको प्रबंधन सहित सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की बात कही। पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने मृतक अधिकारी अभय नंदन कुमार व बी पी सिंह के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इफको प्रबंधन से मृतक परिजनों को नौकरी के साथ दो करोड रुपए मुआवजे की मांग रखी, साथ ही इफको अमोनिया रिसाव से हो रही बार-बार दुर्घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग रखते हुए तत्काल दोषी अधिकारियों व जिम्मेदार प्रबंधन के लोगों को बर्खास्त करने की मांग की। वही फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल व क्षेत्रीय विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने मृतक अधिकारियों के परिजनों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिलाया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी फूलपुर युवराज सिंह, उप श्रम आयुक्त राकेश द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी राज किशोर सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि दिन भर डटे रहे।

### अफसरों की मौत से इफको में छाया मातम

हादसे से दो अफसरों की मौत पर न सिर्फ अधिकारियों बल्कि कर्मचारियों में भी मातम छा गया। मृतक अधिकारी वीपी सिंह की पत्नी विमलेश देवी व पुत्री प्रिया सिंह व अनन्या का रो रो कर बुरा हाल हो गया है, वहीं अभय नंदन कुमार की पत्नी मीरा देवी बेसुध हो गई।

### प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने जांच टीम की घोषित

दो अधिकारियों की मौत से दुखी होकर प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने ट्वीट कर दोनो बहादुर अधिकारियों ने जान की परवाह किये बगैर कंट्रोल रूम सूचना देने व दूसरे ने रिसाव बन्द करने की बात कहते हुए दो सदस्यीय जांच टीम घोषित की है। जिसमे आंवला इकाई के कार्यकारी निदेशक राजेश पुरी व उनके सहयोग के लिए वीके श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी है।

# वॉलीबाल खिलाड़ी भ्रमित ना हो: आर.पी. शुक्ला

**भारत में वॉलीबाल की एक मात्र संस्था वीएफआई के अध्यक्ष अच्युता सामंत और सचिव अनिल चौधरी**

**प्रयागराज।** वर्तमान समय में वॉलीबाल खेल को लेकर चल रही रस्साकशी के कारण खिलाड़ियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। जिसके संबंध में उत्तर प्रदेश वालीबाल टेक्निकल कमेटी के पूर्व चेयरमैन व पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी आर.पी.शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश में वालीबाल खेल की एकमात्र ही सर्वोच्च संस्था है,जो कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है,और उसी संस्था ₹वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया₹ (वी.एफ.आई) की प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में उड़ीसा के लोकसभा सांसद अच्युता सामंत को वी.एफ.आई का अध्यक्ष और राजस्थान के अनिल चौधरी को वी.एफ.आई का महासचिव बनाया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई संस्था साजिश के तहत समानांतर इकाई के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करती है,तो वह संवैधानिक एवं विधि विरुद्ध है। क्योंकि वर्तमान समय में देश में ऐसी खेल की कई संस्थाएं बनी हुई हैं,जो कि सोशल मीडिया में गलत खबर फैला कर खिलाड़ियों को भ्रमित करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। जिसके कारण उदयीमान खिलाड़ियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

# किसान दिवस के अवसर पर किसानों को किया गया पुरस्कृत

## मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग के कृषकों को उत्पादन/उत्पादकता में बेहतर कार्य करने के लिए किया पुरस्कृत

**प्रयागराज।** मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग के 8-8 कृषकों को कुल 32 तथा कृषि विविधीकरण अपनाने वाली 2 महिला कृषकों को विशिष्ट पुरस्कार से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार पाने वाले 17 कृषकों को रूपया-7000, अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र तथा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कृषकों को रूपया-5000, अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों में उत्पादन बढ़ाने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा जनपद में लक्ष्य से भी अधिक खाद्यान्न, सब्जियॉ, फल-फूल तथा डेयरी उत्पादन प्राप्त होगा। उन्होंने कृषकों को अधिक उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त करने हेतु सुझाव दिया। कृषकों को अपने उत्पादन का अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु कृषक उत्पादन संगठन (एफ0पी0ओ0) गठित करने एवं अधिक से अधिक किसानों को उससे जोड़ने का आह्वान किया, जिससे की उनके उत्पादों की ग्रेडिंग एवं विपणन हेतु उचित एवं सुगम प्लेट फार्म उपलब्ध कराते हुए उचित मूल्य प्राप्त हो सके।





दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य विकास अधिकारी व पुरस्कृत किसानों के साथ अधिकारीगण

डॉ0 मुकेश कुमार वैज्ञानिक, सैम हिग्गिन बाटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयाग द्वारा रबी में तिलहन एवं दलहन खेती के बारे में बताया गया। कृषकों द्वारा छिटकवा विधि से बुवाई करने से लागत ज्यादा लगती है और उत्पादन कम होता है। इससे उपज पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलती है। फसलों की लाइन विधि से बुवाई करने से बीच कम लगता है और दोगुना उत्पादन भी बढ़ता है तथा सूर्य की रोशनी हर पौधे को बराबर मिलती है। उत्पादन बढ़ने से हमारी आय बढ़ जाती है। डॉ0 मुकेश द्वारा तकनीकी विधि से खेती करने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

उप कृषि निदेशक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं सम्मानित कृषकों का स्वागत करते हुए मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए सम्मानित होने वाले कृषकों की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी तथा कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जानकारी दी।

# क्रिस्टी मेमोरियल में मनाया गया क्रिसमस प्रोग्राम

**नैनी।** क्षेत्र के हथिगन कर्मा स्थित सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्ध क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एण्ड कॉलेज में क्रिसमस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए कॉलेज स्टाफ एवं क्षेत्रीय लोगों के मध्य सीमित संख्या में कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि चेयरमैन विनोद बी. लाल ने केक काटकर सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि परमेश्वर के आशीष से एवं शिक्षकों व कर्मचारियों के कठिन परिश्रम से ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस स्कूल ने गुणवत्तापरक एजूकेशन व नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान कर अल्प समय में ख्याति अर्जित की है। उन्होंने कहा कि क्रिस्टी स्कूल द्वारा प्रदान की जा रही आनलाईन एजूकेशन से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रसर हो रहे हैं और आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हो सकेंगे। श्री विनोद बी. लाल ने समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों को क्रिसमस उपहार देकर सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्या नेहा पीताम्बर ने प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जबकि कोआर्डिनेटर विशाल चार्ल्स ने बाइबल वचन पढ़ा। पूवार्खास के प्रधान शकील खान ने कॉलेज की तारीफ करते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले बच्चों की गांव में अलग पहचान है और वे कॉलेज के साथ साथ गांव का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

समापन प्रार्थना स्कूल प्रबन्धक कमल मसीह ने की। इस अवसर वाईस चेयरमैन इंजी0 अंकुश वी. लाल, डा. अश्वनी कुमार, दीपक वेसली, डा. रमाकान्त दूबे, डा. डोनाल्ड मनी, डा. बी0 मेहरा सहित क्रिस्टी स्कूल के शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





केक काटकर क्रिसमस की बधाई देते मुख्य अतिथि चेयरमैन विनोद बी. लाल



शिक्षकों को उपहार भेंट करते हुए

# खाक चौक एक ही जगह पर बसाने को लेकर साधु संतों का धरना

**प्रयागराज।** माघ मेला 2020-21 के लिए खाक चौक के मुकाम धारी संतों के जमीन का आवंटन आज 23 दिसम्बर को होना था -जिसमें समस्त खाक चौक के मुकाम धारी संत महंत समय से पहुँचे -मेला अधिकारी व मेला प्रशाशन से खाक चौक व्यवस्था सिमित के अध्यक्ष सीता राम दास महराज की अध्यक्षता में सभी साधु महात्मा खाक चौक के सभी महंतो को एक ही स्थान पर जगह अवांटन कर बसाने को लेकर धरना मेला अधिकारी प्रयाग राज के मेला कार्यालय के समक्ष बैठे । इस धरने में संत महंतो महामंडेलेशवरो को संबोधित करतें हुए खाक चौक व्यवस्था सिमित के महा मंत्री संतोष दास महराज सतुआ बाबा ने कहा कि प्रशाशन हमारे संतों के साथ कुछ संस्थाओं के दबाव में खाक चौक को बांटकर टुकड़ों में बसाना चाह रहा है जो हम संतो के साथ प्रशाशन का गलत पूर्ण रवैया हैं जिसको हम संत इस बार बर्दाश्त नहीं करेंगे-सतुआ बाबा ने आगें कहा कि गत वर्ष मेलाधिकारी अपनी-जमीन की कमी होने के बहाने गढ कर हमारे कुछ मुकाम धारी संतों के जमीन का अवांटन मन सैता नाला के पार जमीन दिया तथा खडंजा की खराब जगहों दल दल में संतो को बसाया -जिससे हम संतो को तमाम दिक्कतों का जहाँ सामना करना पडा वही हमारे जगत भगत अपने शिविरों से भटकें और शिविर नहीं लगा पाये -जो प्रयाग राज मे पहली बार ऐसा हुआ जिसे वरिष्ठ बुजुर्ग संत महंतो ने कहा कि सन्- 1960से हम लोगो की याद में खाक चौक हमेशा एक जगह बसाया जाता था जो हमारी परंपरा रही है। उसको मेला प्रशाशन खत्म कर अपनी मनमानी करके खाक चौक को टुकड़ा टुकड़ा करके बसाना चाह रहा है जिसे हम संत समाज इस बार बर्दाश्त नहीं करेंगे और अपनी माँग खाक चौक एक जगह बसाने की माँग को लेकर धरने पर अडिग होकर बैठे हैं। और जब हमारी माँग पूरी नहीं होगी हम संत समाज के साथ दिन रात मेला प्रशाशन कार्यालय के सामने दरी पर बैठे रहेंगे और हम सभी संत समाज अपनी बातों पर अडिग रह्ते हुए इस बार खाक चौक एक जगह पर बसाने का काम करेंगे । इस धरना मे अध्यक्ष सीता राम दास जी तथा खाक चौक व्यवस्था सिमित के उपाध्यक्ष समस्त पदाधिकारी राम नरेश दास चित्रकूटी राम कृष्ण दास महराज कोल्हू नाथ महंत ब्रज भूषण दास महराज बालक दास महराज परमेश्वर दास भरवारी स्वाराजी बाबा गौलोक वासी के कृपा पात्र राजेन्द्र दास हिटलर सहित खाकचौक समाज के सभी संत महंत मुकाम धारी उपस्थित रहें। राजेंद्र दास महराज , परमेश्वर दास, स्वाराजी बाबा, खास भरवारी खालसा -मुकाम धारी खाक चौक, प्रयागराज माघ मेला।

## लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित रहा है अटल जी का जीवन : डॉ द्विवेदी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के तत्वावधान में बुधवार को अटल जन्मोत्सव समारोह के उद्घाटन अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्य एवं भारतीय राजनीति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह- व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने लोकतांत्रिक मूल्य स्वतंत्रता, समानता एवं वैधानिक न्याय को अपने अंदर समाहित किया है इनकी जड़ें अन्य देशों की अपेक्षा भारत में बहुत ही गहरी हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण भारतीय परिवार हैं जो कि सहमति एवं असहमति का सम्मान करते हुए आपस में एक दूसरे को जोड़े रखता है। डॉक्टर द्विवेदी ने कहा कि परिवार से समाज एवं समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है।राष्ट्र के संदर्भ में यह मूल्य अटल जी के राजनीतिक जीवन में दिखाई पड़ते हैं। इसका एक जीता जागता उदाहरण 24 दलों को लेकर सरकार बनाना है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में भारतीय लोकतांत्रिक मूल्य का दर्शन किसान आंदोलन में दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का विरोध देश में नए संकट को जन्म देगा क्योंकि उद्योगपति और किसान एक दूसरे पर निर्भर हैं। डॉ द्विवेदी ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों पर ही आधारित रहा है लोकतांत्रिक व्यवस्था व मूल्यों पर पाश्चात्य विचारक जॉन लॉक का सहमति सिद्धांत, माण्टेस्क्यू के शक्ति पृथक्करण सिद्धांत एवं रूसो के सामाजिक समझौता सिद्धांत का उल्लेख करते हुए इनके विचारों की तुलना भारतीय संस्कृति एवं दर्शन परंपरा से तुलना की। डॉ द्विवेदी ने अटल जी के नारे जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का उल्लेख करते हुए बताया कि तीनों के परस्पर सामंजस्य से सशक्त लोकतंत्र का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सिद्धांतों पर स्वार्थ भारी, आदर्शवादिता पर अवसरवादिता भारी, राष्ट्र नीति पर राजनीति भारी, मूल्यों पर मनी भारी तो ऐसी स्थिति में हमें भारतीय मूल्य एवं परंपरा को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा प्रोफेसर सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का सबसे बड़ा उदाहरण परिवार है भारतीय मूल्यों परंपरा की खोज पाश्चात्य विचारकों में न करके हमें भारतीय दर्शन परंपरा में करना होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉक्टर द्विवेदी एवं कुलपति प्रोफेसर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सर रुचि बाजपेई डॉक्टर नीता मिश्रा एवं डॉक्टर मीरा पाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अटल जन्मोत्सव के साप्ताहिक समारोह की रूपरेखा अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के अध्यक्ष प्रोफेसर पीके पांडे ने प्रस्तुत की। प्रोफेसर पांडे ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था एक राजनीतिक व्यवस्था ही नहीं है बल्कि एक सामाजिक व्यवस्था भी है। समारोह का संचालन डॉ सुरेंद्र कुमार ने किया अतिथियों का स्वागत डॉ जी के द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिनेश सिंह ने किया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा करते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये : मा0 मंत्री**

**प्रयागराज।** मा0 बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क यूनीफार्म, निःशुल्क स्वेटर, निःशुल्क जूता-मेजा, निःशुल्क बैग वितरण, समेकित शिक्षा, सामुदायिक शिक्षा, निर्माण कार्य, आपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा के अंतर्गत प्रेरक ब्लाक घोषणा सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। मा0 मंत्री जी के द्वारा आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में निर्धारित मानक के अनुसार अब तक उपलब्ध करायी गयी सुविधा एवं व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी। मा0 मंत्री जी ने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में बचे हुए शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय एवं विद्युत संयोजन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करा लिया जाये। मा0 मंत्री जी ने सभी विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर सुसज्जित किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सम्मानित व्यक्तियों से भी वार्ता कर विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाये। मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत विद्यालयों में संचालित ई-पाठशाला, दीक्षा एप, रीड एलॉग एप के माध्यम से बच्चों को लगातार शिक्षित किये जाने का कार्य किया जाये। उन्होंने इसके साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क यूनीफार्म, निःशुल्क स्वेटर, जूता-मोजा, निःशुल्क बैग वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे के पास उपरोक्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाये। उन्होंने नगर क्षेत्र के ऐसे विद्यालयों को जहां की बिल्डिंग खराब है, उसकी सूचना भेजे जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मा0 विधायक शहर उत्तरी-हर्षवर्धन वाजपेयी, अध्यक्ष-भाजपा यमुनापार, राजेन्द्र प्रताप उप शिक्षा निदेशक, रमेश कुमार तिवारी सहायक शिक्षा निदेशक, संतोष कुमार मिश्र प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी- संजय कुशवाहा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी ग्रामीण एवं नगर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



विभागीय समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपित ने किया सरेंडर

**प्रतापगढ़।** पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपित ने पुलिस को चकमा देकर सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मामले में नामजद बाकी अन्य आरोपित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर निवासी राजेन्द्र सिंह और उनके बेटे अभय सिंह की दो नवंबर को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में शीतला सिंह, उसकी पत्नी, बहू, मजदूर व बेटे रणजीत सिंह व विपिन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शीतला सिंह, उसकी पत्नी, बहू, मजदूर को पुलिस ने घटना के तीसरे दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुख्य हत्यारोपित रणजीत सिंह व विपिन सिंह फरार चल रहे थे। एसपी ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया था। कुछ दिन बाद रणजीत ने पुलिस को धता बताकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।विपिन फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि विपिन कौशाम्बी के किसी ईंट भट्ठे पर छिपा है। पुलिस का दावा है कि एसओ उदय त्रिपाठी ने फोर्स के साथ पूरे दिन करीब 24 ईंट भट्ठे पर छापेमारी की लेकिन वह हाथ नहीं लगा। पुलिस की छापेमारी की भनक लगते ही वह भाग निकला।

## सर्वोच्च प्राथमिकता पर हो किसानों की समस्याओं का निस्तारण : डीएम

### चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस के अवसर पर कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने स्व0 चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्व0 चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, वे हमेशा किसानों की उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक सम्मान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यान विभाग तथा पशु पालन विभाग से सम्बन्धित कृषकों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ठ उत्पादन करने के लिए उनको माल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम स्थान पाने वाले किसानों को रुपए 7000 एवं द्वितीय स्थान पाने



किसान सम्मान दिवस में बोलते जिला अधिकारी अमित कुमार सिंह

वाले किसानों को रुपए 5000 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में हस्तानान्तरित की गयी। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि खेतों में पराली कदापि न जलायें इससे वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है। उन्होने कहा कि पराली को खेतो में ही सड़ाकर मृदा की उर्वरता को बढ़ाते हुए अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। किसान सम्मान दिवस तथा किसान मेले के आयोजन के अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी खेती के द्वारा ही किसान अपनी आय को बढ़ा सकते है। कहा कि किसान भाई अपनी खेत की मिट्टी का मृदा परीक्षण अवश्य करायें तथा आवश्यकतानुसार खाद एवं बीजों का उपयोग करें तभी वे अपने उत्पादन को बढ़ा सकते है उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों की उपज को सीधे खरीदकर उनके खातों में उनकी उपज का मूल्य भेजे जाने का प्राविधान किया गया है, जिससे कि किसानों की उपज का लाभ कोई विचौलिया न प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रत्येक दशा में शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये है। उन्होने किसानों को जैविक खेती को करने हेतु बढ़ावा देने के लिए कहा है, जिससे किसान कम लागत में अपनी आय को दोगुनी कर सकते है। उन्होंने किसानों को कृषि के अलावा कृषि सें सम्बन्धित अन्य क्षेत्रों में कार्य करके अपनी आय को बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा किसान औद्यानिक फसलों, दुग्ध व्यवसाय, मत्स्य पालन सहित अन्य क्षेत्र में कार्य करके अपनी आय को बढ़ा सकते है। जिलाधिकारी ने किसान सम्मान दिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाले किसानेंको बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की कि वे जनपद के अन्य किसानों को भी अधिक उत्पादन करने वाली तकनीकों के बारे में जानकारी दें जिससे कि जनपद के सभी किसान फसल उत्पादन में उत्कृष्ठ कार्य करते हुए अपनी आय को बढ़ा सके। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उप निदेशक कृषि,कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अजय तथा कृषि विभाग के अधिकारियों एंव अन्य कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को नई-नई तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर आयोजित मेले में विभिन्न विभागो के द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टेट परिसर में लगाये गये स्टॉलों का जिलाधिकारी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया तथा सम्बन्धित विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कृषि उत्पादन को बढ़ाने वाली योजनाओं के विषय में किसानों को जानकारी देने के लिए कहा जिससे कि किसान योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपनी उपज को बढ़ा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ भारी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।


चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस मनाते समाजवादी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता

## किसानों के सच्चे हितैषी थे चौधरी चरण सिंह : कैलाश

**भरवारी कौशाम्बी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन समाजवादी पार्टी कार्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों मजदूरों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की 118 जयंती के मौके पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर समाजवादी नेताओं ने उन्हें नमन किया है इस मौके पर समाजवादी पार्टी नेताओं ने चौधरी चरण सिंह के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों के सच्चे हितैषी चौधरी चरण सिंह थे मंझनपुर समाजवादी पार्टी कार्यालय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव महबूब आलम सज्जू कैलाश चंद केसरवानी गुलाम हुसैन भैया लाल पाल संतोष केसरवानी वीर सिंह यादव शिव मोहन चौधरी आदि सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद है

## अधेड़ पर चाकू से हमला कर झोंका फायर

**प्रतापगढ़।** घर लौट रहे अधेड़ पर रास्ते में घात लगा कर बैठे पट्टीदारों ने चाकू से हमला बोल दिया। तमंचे से फायर भी झोंक दिया। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया। घटना के पीछे जमीन की रंजिश बताई जा रही है। पुलिस फायरिंग की बात से इनकार कर रही है। घायल अधेड़ को जिला अस्पताल में भर्ती करा कर घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धरौली निवासी कंचन देवी ने बताया कि उसका पति बड़ेलाल यादव (50) मंगलवार देर शाम घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर अपने चाचा रामआसरे की पाही पर गया था। रात करीब पौने 12 बजे घर लौटते समय दाउदपुर-देवसरा मार्ग पर घर से करीब पांच सौ मीटर पहले घात लगाकर बैठे चार लोगों ने चाकू से उस पर हमला बोल दिया। आरोपितों ने तमंचे से फायर भी किया। गनीमत रही कि दो बार फायरिंग के बाद भी बड़ेलाल बच गया। चीख-पुकार पर गांव के लोगों ने दौड़कर बड़ेलाल की जान बचाई। आननफानन उसे सीएचसी अमरगढ़ ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आसपुर देवसरा एसओ अमरनाथ राय ने कहा कि फायरिंग की बात गलत है। तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।शाम को भी हुआ था विवाद रू कंचन की मानें तो मंगलवार शाम को जमीन के विवाद में दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। उस समय पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ के लोगों को समझाकर शांत करा दिया था। इसके बाद कंचन के घरवाले निमंत्रण में चले गए तो आरोपितों ने दरवाजे पर आकर गालीगलौच करते हुए अंजाम बुरा होने की धमकी दी थी।

### रोड हादसे में इलाज के दौरान गई युवक की जान

**प्रतापगढ़।** बीते दिनों हुए सड़क हादसों में युवक की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई मामला पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गजरिया गांव का है।क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी मेवा सरोज के 4 बच्चों में जिसमें तीन बेटे और एक बेटी थी 19 दिसंबर को मेवा सरोज का दूसरा नंबर बेटा रविंद्र कुमार सरोज (लल्लन) 32 वर्ष जिसकी शादी जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के सवेली में 2 वर्ष पूर्व में हुई शादी जिसे एक पुत्री अभी कुछ दिन पहले 3 महीने की है 19 दिसंबर को अपना परिवार लेकर रविंद्र कुमार सरोज (लल्लन) ससुराल से घर वापस आया और कुछ जरूरी सामान खरीदने उडैयाडीह बाजार चला गया बाजार से लौटते समय दोनई नहर की पटरी पर किसी अज्ञात वाहन से टकराने से युवक बाइक समेत नहर में जा गिरा जिससे युवक की हालत बिगड़ गई सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल प्रतापगढ़ ले गए जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत देखते हुए स्वरूप रानी है हॉस्पिटल प्रयागराज रेफर कर दिया इलाज के दौरान बुधवार की सुबह युवक की मौत हो गई मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया लाश को देखते हैं पत्नी छोटी बच्ची और परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया


फाइल फोटो लल्लन।

### टक्कर लगने से बाइक सवार जख्मी

**प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना क्षेत्र के गौरा निवासी विजय कुमार (38) बुधवार सुबह अपनी रिश्तेदारी में अंतू थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गया था। अपराह्न करीब तीन बजे वापस जाने लगा तो अंतू थाना क्षेत्र के प्रयागनगर बाजार के पास पीछे से आया तेज रफ्तार बाइक सवार उसे टक्कर मारते हुए भाग निकला। विजय बाइक सहित गिरकर चोटहिल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सड़वा चंद्रिका भेजा।

## आबकारी विभाग ने बरामद किया 438 लीटर शराब

**प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग की टीम द्वारा बुधवार को दिन भर चले अवैध शराब के खिलाफ ताबडतोड अभियान मे चार सौ अडतीस लीटर अवैध देशी शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद करने मे सफलता मिली है। टीम को बारह क्विंटल महुआ की लहन नष्ट कराने मे भी कामयाबी मिली। एसडीएम राम नारायण के द्वारा गठित टीम के तहत आबकारी निरीक्षक पीएन सिंह व सीओ लालगंज जगमोहन ने आबकारी एवं पुलिस टीम के साथ कोतवाली के जेवई व पड़री तथा गड़वा तारा गांव मे औचक दबिश दी। टीम को इन गांवो मे कुछ घरों से अवैध देशी शराब के साथ शराब बनाने की भटठी तथा अन्य उपकरण भी हाथ लगे। पुलिस को देख गांवो मे आरोपियो के घर भगदड मच गयी। टीम ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो को मौके से धर दबोचा। इनमें जेवई गांव के सुरेश पासी तथा बाबूलाल की पत्नी बड़की व सोनू व पड़री के जाहिद तथा पुतुन्ने की पत्नी लालजी व गड़वातारा देवापुर के मार्कण्डेय व संजय को धर दबोचा। आबकारी निरीक्षक पीएन सिंह की तहरीर पर देर शाम कोतवाली मे सात नामजद आरोपियो तथा कुछ अज्ञात आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

## सामुदायिक केंद्र और ट्रॉमा सेंटर होने के बावजूद भी मरीजों को नहीं मिल पा रही समुचित सुविधाएं : अशोक सिंह

**रानीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ट्रामा सेंटर होने के बावजूद भी रानीगंज क्षेत्र की जनता को उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दे कि रानीगंज ट्रामा सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी होने के कारण लोग सुविधाओं से वंचित हैं।कागजों क्षेत्रीय लोग रानीगंज रानीगंज की आम जनता मगर इन बातों पर अमुक बैठे हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कागजो में तो दवा से लेकर इलाज तक कि सभी सुविधाएं सुचारू रूप से चल रही है किन्तु वास्तविकता यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और ट्रामा सेंटर की व्यवस्था भगवान भरोशे ही हैं।यहां पर किसी भी रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है ।एक ही डॉक्टर साहब हर रोग की दवा देते हैं।दोनों केन्द्रों पर दवाओं का भी टोटा बना रहता है जिससे मरीजों को अधिकतर दवाएं बाहर की लिखी खरीदनी पड़ती है।दवा खरीदने के लिए भी गरीब जनता कोअपनी जेब ढीली करनी पड़ती है।सरकारी अभिलेखों में सब कुछ ओके होते हुए भी जमीनी धरातल पर कोई सुविधा नही मिल पाती। इमरजेंसी केस को देखने की जह यहां के चिकित्सक उसे तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल रेफर कर देते है। सिर्फ सर्दी जुखाम बुखार के अलावा यहां किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। एक्सरे मशीन होते हुए भी मरीजों को एक्सरे सुविधा नही मिल पाती। की सुविधा लोगों को मिल पाती है ब्लड की जांच अधिकतर लोगों को बाहर से ही करानी पड़ती है।उक्त दोनों केंद्रों पर स्टाफ की कमी है।ट्रामा सेंटर की घोषणा के बाद जो खुशी लोगों में हुई थी वह संचालन के बाद कि अव्यवस्था देखकर गायब हो चुकी है।

### किसानों ने किया भूख हड़ताल

**प्रतापगढ़।** किसान आंदोलन के समर्थन में एस यू सी आई पार्टी के नेता का कामरेड रामसमुझ मौर्य की अगुवाई में राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय गजरिया के सामने बुधवार की सुबह भूख हड़ताल किया गया जिसमें 11 बजे से शाम 3 बजे तक भूख हड़ताल का कार्यक्रम जारी रहा जिसमें लल्लू राम पाल बंशीधर मौर्य सुरेश गुप्ता श्याम जी विश्वकर्मा राजमणि विश्वकर्मा गंगादीन विश्वकर्मा मोहनलाल गुप्ता राजेश प्रजापति राजदेव सरोज सरजू सरोज राजेश दिनेश सरोज राजकुमार प्रजापति विजय कुमार मौर्य कुशल मौर्य सोनू मौर्य सुरेश मौर्य रामचंद्र मौर्य समी उल्ला खान आशीष कुमार नूरे आलम आदि लोग मौजूद रहे।

### फायरिंग करते वीडियो वायरल

**प्रतापगढ़।** एक कार्यक्रम में असलहा लेकर कई युवक एक साथ फायरिंग करते हुए एक वायरल वीडियो में दिख रहे हैं।सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो नगर कोतवाली इलाके एक मोहल्ले के बताया गया। पुलिस वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी कर रही है। जनपद में पुलिस ने पहले भी हर्ष फायरिंग के मामले में केस दर्ज कर कार्यवाही की है लेकिन ऐसे मामले लगातार प्रकाश के आ रहे हैं।

## स्वर्ण भारत परिवार बना रहा देश के नामचीन हस्तियों को ब्रांड एम्बेसडर

**प्रतापगढ़।** युनाइटेड नेशन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से प्रभावित होकर स्वर्ण भारत परिवार ट्रस्ट ने भारत के लिए सतत विकास के 22 लक्ष्य बनाएं हैं जिसके अंतर्गत विश्व के समस्त देशों व राज्यों में सेवानीति के लिए लोगों को प्रेरित करने एवं सक्रिय भागीदारी के लिए अब हर विधाओं से ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किए जा रहे हैं ।शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, व्यापार, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं पर्यावरण से जुड़े लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया जा रहा है।इस सम्बंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष पण्डित ने बताया कि सेवानीति मिशन एक जन आंदोलन बन चुका है। उपरोक्त क्षेत्रों से जुड़े व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे तो निश्चित ही राष्ट्रहित और समाज हित में विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। स्वर्ण भारत की संकल्पना तभी पूरी हो सकती है जब समाज के सभी अंग मिलकर इस दिशा में कार्य करें। स्वर्ण भारत परिवार ैक्ळ मिशन के लिए चुने गए ब्रांड एम्बेसडर को इस कार्य के लिए जरूरी सहयोग भी दिया जाएगा एवं निस्वार्थ भाव से अपने देश , राज्य व अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर व गोल्डन इंडिया से गोल्डन वर्ल्ड बनाने का सपना देखने वाले व्यक्तियों और इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए योगदान देने के लिए उत्सुक व्यक्तियों का ही चयन किया जाएगा । इसके लिए स्वर्ण भारत परिवार में आवेदन आमंत्रित करता है। सभी ब्रांड एम्बेसडर अगले वर्ष एक और ब्रांड एम्बेसडर नामित करेंगे। प्रत्येक वर्ष उनके लिए कॉन्वोकेशन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वे स्वर्ण भारत के अभियानों में सुझाव सलाह दे सकते हैं सभी एम्बेसडर यूनाइटेड नेशन द्वारा निर्धारित थीमेटिक ड्राइव में जुड़ेंगे और सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी गतिविधियों को साझा करेंगे। फरवरी को भव्य कार्यक्रम में सभी चयनित एम्बेसडर को पद गोपनियता की शपथ दिलाई जाएगी व संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई है ।

## तरुण चेतना द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण कल

**प्रतापगढ़।** तरुण चेतना संस्था द्वारा पट्टी मुख्यालय पर क्रिसमस की पूर्व संध्या पर 25 दिव्यांगों को ट्राई-साइकिल व व्हील-चेयर का निःशुल्क वितरण कल किया जायेगा।उक्त जानकारी देते हुए तरुण चेतना संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि दिव्यांगों की आजीविका के अवसर को बढाने के लिए जीव दया फाउंडेशन, टेक्सास, यूयसए० ने प्रतापगढ़ के दिव्यांगों के लिए 21 ट्राई-साइकिल व 4 व्हील-चेयर का सहयोग किया है, जो 24 दिसंबर को गुडविल पब्लिक स्कूल में 24 दिसंबर को पट्टी में और क्रिसमस के दिन 25 दिसंबर को चाइल्डलाइन, प्रतापगढ़ में वितरित किया जायेगा। श्री अंसारी के अनुसार फाउंडेशन द्वारा इन गरीब दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार रोजगार के लिए भी मदद की जाएगी. श्री अंसारी के अनुसार ट्राई-साइकिल देने हेतु दिव्यांगों के पहचान की



वितरण के लिए इकट्ठा ट्राई साइकिल

प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी. जीव दया फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव कुमार के अनुसार ट्राई-साइकिल मिलने से जहाँ दिव्यांगों को आजीविका के अवसर बढ़ेंगे वहीं दूसरी तरफ स्कूल न जाने वाले व ड्रापआउट बच्चों की रुकी पढ़ाई भी शुरू होगी. इससे दिव्यांगों को शिक्षित व आत्मनिर्भर बन कर सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिलेगी. श्री कुमार के अनुसार आगे चलकर फाउंडेशन तरुण चेतना के माध्यम से गरीब दिव्यांगों को रोजगार की शुरूआत के लिए भी मदद करेगा जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक अनूठा प्रयास होगा।

### कुएं में गिरे बछड़े को निकाला गया बाहर

**प्रतापगढ़।** आवारा पशुओं के जान के दुश्मन बन रहे हैं क्षेत्र के कुएं कुएं में गिरने से कई जानवरों की तो मौत हो गई है और लोगों द्वारा बचाने का प्रयास भी किया गया है। कल बीती रात सात बजे के आसपास एक आवारा बछड़ा कुएं में जा गिरा कुएं में गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग कुएं के पास गए तो बछड़ा को देखा तो ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलवाया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के अथक प्रयास से कुएं में गिरे बछड़े को बाहर निकाला गया। वहीं पर बताते चलें कि विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के महोखरी ग्राम सभा में गौशाला ना होने के चलते आवारा पशुओं की भरमार हो गई है ।जहां पर किसानों की फसल बर्बाद हो रही है वहीं पर आवारा पशु कुएं में गिरकरन अपनी जान गवा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गांव में गौशाला बनवाए जाने की मांग की है।

## देश का अन्नदाता मोदी सरकार के साथ : विनोद सोनकर


किसान खाट पंचायत में वृद्धा से बात करते सांसद विनोद सोनकर।

### शकरदहा में आयोजित हुई किसान खाट पंचायत

**प्रतापगढ़।** देश का किसान दिन रात खेतों में मेहनत करके फसल उगाता है। फसल तैयार होने के बाद किसान चाहता है कि समय से सरकार फसल को खरीद ले। परन्तु पूर्व की सरकारों में ढुलमुल नीति के कारण किसान कर्जदार हो गया। इस ओर किसी ने ध्यान नही दिया। किसान सरकार से यही चाहता है कि समय से किसान को खाद,बीज,पानी मिल जाये। पूर्व की सरकारों में किसान खाद बीज के लिए लाठियां खाता था। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद सरकार ने यूरिया को नीम कोटेड किया। जिसका लोग दुरुपयोग न कर सके। सरकार की मंशा है किसान को समय से खाद बीज पानी उपलब्ध कराया जाए। यही नहीं सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधि देकर उनका हौशला बढ़ाया। उक्त बातें बिहार ब्लाक के शकरदहा बाजार में किसान खाट पंचायत में क्षेत्र से आये हुए किसानों को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति के सभापति, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व त्रिपुरा राज्य के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना काल में भारत से कम जनसंख्या वाले देशो की हालत खराब थी। परन्तु इस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकट काल मे देश के गरीबों के लिए 170 लाख करोड़ की योजनाओं को प्रारम्भ कर गरीबों के लिए देश का खजाना खोल दिया। यह देश ऋषि एवं कृषि परम्परा का देश है। सरकार किसानों के साथ खड़ी है। फिर भी मोदी सरकार को किसान विरोधी बताया जा रहा है। यह वही बिल है। जिसे पूर्व की सरकारों ने सिर्फ आश्वासन दिया। जब मोदी सरकार ने स्वामी नाथन आयोग को लागू कर दिया तो विपक्षी दल के लोग परेशान हो गए। अब किसान मंडी में अपनी फसल बेंचे या बाहर। सीधे तौर पर अब किसानों को मोदी सरकार ने आजाद कर दिया। इस कृषि बिल में किसानों का कही से भी अहित नही है। कार्यक्रम में आये हुए किसानों ने हाँथ उठाकर मोदी सरकार का समर्थन किया। कुंडा के पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार किसानों के लिए कार्य कर रही है। फिर भी कुछ लोग सरकार को किसान विरोधी बता रहे है। सांसद विनोद सोनकर ने शकरदहा के ब्रम्हर्षि विद्यालय में सांसद निधि से दिए गए कक्ष का लोकार्पण किया। इसके बाद रामदास पट्टी में गोलू पाण्डेय के आवास पर कार्यकताओं से मुलाकात की। बेधन गोपालपुर में 1971 में शहीद स्व0 सुरेश नारायण पाठक की पत्नी को सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, बृज किशोर त्रिपाठी, सरोज त्रिपाठी, जिला महामंत्री सतीश चैरसिया आदि रहे।

## आपसी सामंजस्य स्थापित कर शिक्षण कार्य करने से प्राप्त होगा प्रेरणा लक्ष्य

**कौशाम्बी।** मिशन प्रेरणा के तहत बीआरसी मंझनपुर के न्याय पंचायत टेन शाह आलमाबाद के संकुल सभागार में पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार खण्ड शिक्षाधिकारी डॉ अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल और अध्यापकों तथा अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स(ए आरपी) के साथ एक आवश्यक मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मूल उद्देश्य मिशन प्रेरणा के तहत विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री यथा प्रेरणा लक्ष्य,प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका एवं सहज नामक पुस्तकों के अपेक्षित उपयोग के बारे में शिक्षकों को बताना था। बैठक की शुरूआत खण्ड शिक्षाधिकारी डॉ अविनाश सिंह के उद्बोधन से हुई। उन्होंने प्रदत्त सामग्री को यथास्थान चस्पा करने तथा उनके बेहतर सदुपयोग से विद्यालयों में अपेक्षित परिवर्तन


बैठक में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य लोग

की अपेक्षा की। उन्होंने सभी अध्यापकों को आपस में मिल जुलकर एक टीम के रूप में कार्य करने पर बल दिया। मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराए गए कार्यों की समीक्षा भी की और सभी को यह निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारियों से बेहतर तालमेल और समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं। एआरपी ओम दत्त त्रिपाठी ने प्रदत्त सामग्री के बारे में विस्तारपूर्वक शिक्षकों से चर्चा की और उनके बेहतर उपयोग का तरीका बताते हुए सभी प्र.अ.व इ.प्र.अ.को अपने कुशल नेतृत्व में विद्यालयों की तस्वीर बदलने का आवाह्न किया। उन्होंने सभी से अपने विद्यालय भवनों को इअछअ (बाला) के तर्ज पर विकसित करने तथा कम से कम एक कक्षा-कक्ष को प्रिंट संवृद्ध बनाने,लर्निंग कार्नर अनिवार्यतः विकसित करने और सक्रिय पुस्तकालय की स्थापना करने पर बल दिया ताकि बच्चों को लर्निंग हेतु बेहतर वातावरण मुहैया कराया जा सके। एआरपी माया पति त्रिपाठी ने बैठक में उपस्थित सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्र.अ.व इ.प्र.अ. से विशेष रूप से आग्रह किया कि प्रत्येक विद्यालयों में प्रेरणा लक्ष्यों की ससमय सम्प्राप्ति हेतु एक व्यापक कार्ययोजना और भाषा तथा गणित हेतु कक्षावार शिक्षण योजना अनिवार्यतः बन जाय तथा उस योजना को सभी लोग मिलकर टीमवर्क के रूप में कार्य करते हुए अपने विद्यालय को प्रेरक बनाकर विकासखण्ड को प्रेरक विकास खण्ड का दर्जा दिलवाने में अपना सक्रिय सहयोग दें।


भव्य रूप से सजा हनुमान मंदिर

### हनुमान मंदिर मान्धाता का विशाल भंडारा 25 को

**मान्धाता।** शान्तनु महाराज की तपोस्थली मान्धाता स्थित हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी आगामी 25 दिसंबर को भंडारे का आयोजन किया गया हैं।मंदिर परिसर में मंगलवार से ही अखंड कीर्तन का पाठ शुरू हो चुका है।कीर्तन पाठ के पश्चात विशाल भंडार का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाता है जो क्षेत्र के सामाजिक कार्यकताओं एवं हनुमान भक्तों के सहयोग से सम्पन्न होता है।मंदिर के बगल ही विशाल शान्तनु तालाब है।मान्यता हैं कि यह स्थल कभी ऋषि शान्तनु की साधना स्थली थी।तालाब के सामने ही प्राचीन हनुमान मंदिर है।